दिनांकः 26.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की कल आखिरी तारीख।
- प्रदेश में होम वोटिंग सुविधा के लिए पंजीकरण का आज अंतिम दिन–85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग घर बैठे कर सकेंगे मतदान।
- राज्य में एनफोर्समेंट एजेंसियों की ओर से अवैध सामग्री जब्ती का आंकड़ा 270 करोड़ रुपये के पार–सबसे ज्यादा बरामदगी जोधपुर से।
- प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा–फलौदी में पारा 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज।

...................

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की कल आखिरी तारीख है। पहले चरण में प्रदेश में जयपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। तीन दिन के अवकाश के बाद आज से नामांकन पत्र भरने का सिलसिला फिर से शुरू हो जाएगा। अब तक दस पर्चे भरे जा चुके हैं। भाजपा और कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया है।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज सीकर और नागौर दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा सीकर में भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती की नामांकन सभा में शामिल होंगे। इसके बाद वे नागौर में पार्टी प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के समर्थन में होने वाली सभा को भी संबोधित करेंगे।

होली की रामा–श्यामा के साथ ही चुनाव प्रचार की सरगर्मियां भी तेज़ होने लगी हैं। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार विकास के नाम पर वोट की अपील कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भी जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। बसपा उम्मीदवार ने भी चुनावी मैदान में कमान संभाल ली है।

...................

प्रदेश में होम वोटिंग सुविधा के लिए पंजीकरण की आज आखिरी तारीख है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए लोकसभा चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की पहल की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इसके लिए बीएलओ घर–घर जाकर पात्र मतदाताओं को जानकारी दे रहे हैं। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया पांच अप्रैल से शुरू होगी।

...................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये नागौर से हमारे एक श्रोता का संदेश –

...................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों की ओर से अब तक करीब 271 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की जा चुकी है। मार्च महीने की शुरुआत से अब तक की गयी कार्रवाई में नशीली दवाइयां, शराब, कीमती धातुएं और फ्रीबीज तथा नकदी पकड़ी जा चुकी है। वहीं आचार संहिता लागू होने के बाद से 16 मार्च से अब तक 173 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नौ जिलों में 10 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की जा चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा 33 करोड़ रुपये की जब्ती जोधपुर में हुई है।

वहीं हनुमानगढ़ के संगरिया में पुलिस ने 40 किलो से अधिक अफीम जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत करीब 2 करोड़ 35 लाख रुपये बतायी जा रही है।

....................

कोटा जिले में कल परवन नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। हादसा बपावर क्षेत्र के उमरदा गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि होली खेलने के बाद ये बच्चे नदी पर नहाने गये थे और गहरे पानी में उतरने से इनकी मृत्यु हो गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हादसे पर गहरा दुःख जताया है। उधर, डूंगरपुर जिले के भीलूड़ा में पत्थरमार होली खेलने के दौरान करीब 30 लोग घायल हो गये, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

....................

होली के पर्व के साथ ही गणगौर पूजन की शुरूआत हो गयी है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि इसे लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

--------------

कोटा जिले के सांगोद में आज से न्हाण लोकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

---------------

वहीं धुलंडी के दिन देर रात तक आयोजनों का सिलसिला जारी रहा। भीलवाड़ा में बड़ी संख्या में लोगों ने गैर नृत्य में हिस्सा लेकर सुख समृद्धि की कामना की।

पुलिसकर्मी आज होली मनाएंगे। इसे लेकर अधिकारियों और जवानों में उत्साह है।

....................

प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हाड़ौती अंचल में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार इसके असर से बीकानेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। इस बीच, कल कई स्थानों पर तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। जयपुर, अजमेर, पिलानी, कोटा, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, चूरू, बारां, सिरोही, करौली सहित कई अन्य स्थानों पर भी पारा 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा पारा फलौदी में 39 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

....................

चुरू जिले की साहवा थानाधिकारी ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच सकी। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि महिला पुलिस अधिकारी ने सड़क पर आने जाने वाले कई वाहनों को रुकवा कर घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए मदद मांगी, मगर किसी से सहायता नहीं मिलने पर स्वयं ही घायल को अस्पताल पहुंचाया। श्री यादव ने लोगों से अपील की है कि कहीं भी घायल व्यक्ति मिलने पर स्वयं या 108 नंबर पर कॉल कर तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। हम सभी का कर्तव्य है कि घायल को तुरंत राहत पहुंचाएं।

....................